'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours Part-II Examination, 2022

HINDI

PAPER-III

आधुनिक काव्य

REVISED NEW SYLLABUS

Time Allotted: 4 Hours Full Marks: 100

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 15×3 = 45

(क) ''निराला विद्रोही कवि थे इसलिए उनके शिल्प में भी विद्रोह की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।'' इस कथन के आधार पर निराला के काव्यशिल्प की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) नागार्जुन की लोक-दृष्टि के आधार-तत्त्व कौन-कौन से हैं ? समीक्षा कीजिए।

(ग) 'पटकथा' शीर्षक कविता के आधार पर धूमिल की तत्कालीन राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों से मोहभंग की विवेचना कीजिए।

(घ) प्रयोगधर्मी कवि के रूप में अज्ञेय की काव्य-कला का मूल्यांकन कीजिए।

(ङ) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता की शिल्पगत विशेषताएँ लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन</u> पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 7×3 = 21

(क) ''यह वह विश्वास नहीं जो अपनी लघुता में भी काँपा,
वह पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा।''

(ख) शून्यों से घिरी हुई पीड़ा ही सत्य है
शेष सब अवास्तव अयथार्थ मिथ्या है भ्रम है
सत्य केवल एक जो कि
दुःखों का क्रम है।

(ग) श्रम-विश्राम क्षितिज-बेला से
जहाँ सृजन करते मेला से,
अमर जागरण उषा नयन से –
बिखरती हो ज्योति घनी रे।

(घ) अविवेकी भीड़ की भेड़िया धसान के खिलाफ अंध-बधिर व्यक्तियों को सही राह बतलाने के लिए अपने आप को भी व्यामोह से बारंबार उबारने की खातिर प्रतिबद्ध हूँ, जी हाँ, शतधा प्रतिबद्ध हूँ।

(ङ) मेरे लिए, हर आदमी एक जोड़ी जूता है जो मेरे सामने मरम्मत के लिए खड़ा है।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए – $6\times4 = 24$

(क) सुभद्रा कुमारी चौहान की राष्ट्रीय चेतना पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) रघुवीर सहाय की कविताओं में उद्घाटित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'भूल-गलती' कविता की मूल संवेदना लिखिए।

(घ) 'हिमाद्री तुंग श्रृंग से' शीर्षक कविता के आधार पर प्रसाद की सांस्कृतिक चेतना स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'तोड़ती पत्थर' कविता के शिल्प-पक्ष पर विचार कीजिए।

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $1\times10 = 10$

(क) मुक्तिबोध की प्रतिबंधित पुस्तक का नाम लिखिए।

(ख) निराला ने किसे 'हिंदी के विशाल मंदिर की सरस्वती' कहा है ?

(ग) 'कितनी नावों में कितनी बार' का प्रकाशन-वर्ष लिखिए।

(घ) 'पुरानी जूतियों का कोरस' के कवि का नाम लिखिए।

(ङ) धूमिल का देहांत किस वर्ष हुआ ?

(च) रघुवीर सहाय द्वारा 'मैकबेथ' का अनुवाद किस नाम से हुआ ?

(छ) नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना के लिए प्रदान किया गया था ?

(ज) अज्ञेय को ज्ञानपीठ पुरस्कार से किस वर्ष अलंकृत किया गया था ?

(झ) रघुवीर सहाय की जन्म-तिथि लिखिए।

(ञ) जयशंकर प्रसाद को किस रचना के लिए 'मंगलाप्रसाद पारितोषिक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?

——×——